## प्रारूप–6

# प्रारम्भिक संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट का प्रारूप

**परियोजना विवरण** :– **मा0 मुख्यमंत्री घोषणा सं0 70/2017 के अन्तर्गत जनपद टिहरी के विकास खण्ड़ कीर्तिनगर के ग्राम धारी से बाग्यो तक मोटर मार्ग का निर्माण। (लम्बाई 3.000 कि0मी0)।**

**दिनाँक 02.09.2019 से 03.09.2019 को वन विभाग, लोक निर्माण विभाग, राजस्व विभाग** के द्वारा **कि0मी0 1 से 3** तक प्रस्तावित परियोजना को बनाये जाने हेतु स्थल निरीक्षण किया गया। संयुक्त निरीक्षण के समय वन विभाग की ओर से **श्री सूरत सिंह सजवाण वन दरोगा,** सम्बन्धित राजस्व उपनिरीक्षक, प्रस्तावक विभाग की ओर से इं0 तृप्ति शर्मा अ0स0 अभियन्ता, श्री कलम सिह नेगी कार्यअभिकर्ता व अन्य दावेदारों की ओर से प्रधान तथा स्थानीय प्रतिनिधि के रुप में क्षेत्र पंचायत के द्वारा प्रश्नगत परियोजना को बनाने हेतु सर्वश्रेष्ठ स्थल/संरेखन के चयन तथा अन्य वैकल्पिक स्थलों/संरेखनो के चयन हेतु भाग लिया गया। संयुक्त निरीक्षण में पाया गया कि सामाजिक आवश्यकता, परिस्थितिक आवश्यकता, आर्थिक मितव्यता तथा तकनीकी आवश्यकता के दृष्टि से जो संरेखन/स्थल सर्वथा उपयुक्त पाया गया है उसमें **1670.00 (मी0)** नाप भूमि से, **525.00 (मी0)** सिविल भूमि से, **0.00 (मी0)** वन पंचायत से, **805.00 (मी0)** आरक्षित वन भूमि प्रभावित होगी एवं इस समरेखण/स्थल के चयन में कुल **1.523 हे0** नाप भूमि **0.4275 हे0** सिविल भूमि (0.06 हे0 डम्पिंग जोन सहित), **शून्य हे0** वन पंचायत भूमि, **0.5635 हे0** आरक्षित वन भूमि की आवश्यकता होगी। जिनमें से कुल **0.9910 हे0** वन भूमि के हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी। इस संरेखन पर चुने गये स्थल पर 20 प्रजातियो के लगभग **184** वृक्ष इस परियोजना के निर्माण से प्रभावित होंगे, जिनमें से बांज प्रजाति के **63 वृक्ष** प्रभावित होगें । वृक्षों की सूची मूल्यांकन सहित प्रस्ताव पर संलग्न है।

इस समरेखण की तुलना में जो वैकल्पिक समरेखण देखे गये उसमें 1450 (मी0) नाप भूमि से, 500 (मी0) सिविल भूमि से, शून्य (मी0) वन पंचायत से, 1050 (मी0) आरक्षित वन भूमि प्रभावित होगी एवं इस समरेखण/स्थल के चयन में कुल 1.305 हे0 नाप भूमि, 0.410 हे0 सिविल भूमि (0.06 हे0 डम्पिंग जोन सहित), शून्य हे0 वन पंचायत भूमि, 0.735 हे0 आरक्षित वन भूमि की आवश्यकता होगी। जिनमें से कुल 1.145 हे0 वन भूमि के हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी । इस संरेखन पर/चुने गये स्थल पर लगभग 22 प्रजातियो के वृक्ष इस परियोजना के निर्माण से प्रभावित होंगे, जिनमें से **70 वृक्ष** बांज प्रजाति के प्रभावित होंगे।

अतः परियोजना के निर्माण हेतु चयनित विकल्प संख्या प्रथम के वन भूमि के अतिरिक्त अन्य वैकल्पिक एवं उपयुक्त भूमि उपलब्ध नहीं है तथा इस चुने गये संरेखण पर वन भूमि की मांग न्यूनतम है। चयनित उपयुक्त स्थल/संरेखण आरक्षित वन भूमि **सारकैणा कक्ष सं0–6** से गुजरेगा/में स्थित है। इस कक्ष का वर्तमान वन आच्छादन 20 प्रतिशत है एवं इस कक्ष में 22 प्रजाति के वन हैं।

सहायक अभियन्ता
अस्थाई खण्ड लो.नि.वि.
बीनगर-मु. कीर्तिनगर टि. ग.

प्रभावित होने वाली नाप भूमि 1.503 हे0 पर खडीक, सांदण, कुकाट, बांज, भीमल, तिमला, अखरोट, चीड, पीलखन, मेहल, सिरस, माल्टा आदि 11 प्रजाति के वन हैं एवं प्रभावित होने वाली सिविल तथा आरक्षित वन भूमि 0.991 हे0 पर चीड, बांज, मेहल, कुकाट, पदम, तुन, तिमला, हरेज, खडीक, भीमल, अखरोट, पीलखन, अयार आदि 13 प्रजाति के वन हैं जिनका वर्तमान वन आच्छादन 20 प्रतिशत है। चुने गये संरेखन का प्रारम्भ होने के स्थल का GPS मान 78°45'56.4"E, 30°19'41.15"N है तथा यह स्थल खोला धारपयांकोटी मोटर मार्ग के कि0मी0 7 के हे0मी0 6–8 से प्रारम्भ होता है तथा समरेखण का अन्तिम स्थल सारकैणा है, जिसका GPS मान 78°46'32.32"E, 30°19'25.97"N है। चुने गये संरेखण/स्थल के बीच के स्थलों के GPS मान संलग्न हैं।

चयनित समरेखन में कुल **184 पेडों** का पातन किया जाना आवश्यक होगा। चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण किसी राष्ट्रीय पार्क/वन्य जीव अभ्यारहण्य का हिस्सा नही है। चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण के चयन से ग्रामवासियों के परम्परागत अधिकारों का हनन नही होगा। इस समरेखण पर प्रस्तावित मोटर मार्ग के निर्माण के दौरान जो मलवा उत्सर्जित होगा उसके निस्तारण हेतु **03 नं0** स्थल उपयुक्त पाये गये हैं जिनका GPS मान निम्न हैं।

अन्य आवश्यक विवरण (1) 78° 45' 53.58" E 30° 19' 35.38" N
(2) 78° 46' 0.35" E 30° 19' 38.21" N
(3) 78° 46' 3.1" E 30° 19' 31.19" N

| | | |
|---|---|---|
| अ0स0 अभियन्ता<br>अ0ख0लो0नि0वि0<br>कीर्तिनगर | सहायक अभियन्ता<br>अ0ख0लो0नि0वि0<br>कीर्तिनगर | अधिशासी अभियन्ता<br>अ0ख0लो0नि0वि0<br>कीर्तिनगर |
| राजस्व उपनिरीक्षक<br>क्षेत्र – कुण्डाखाल<br>तहसील – कीर्तिनगर<br>जिला – टिहरी गढ़वाल | तहसीलदार<br>कीर्तिनगर<br>टिहरी गढ़वाल | उपजिलाधिकारी<br>कीर्तिनगर |
| वन क्षेत्राधिकारी<br>मणिकनाथ रेंज<br>प्रभाग | | उपप्रभागीय वनाधिकारी<br>देवप्रयाग उपवन<br>नरेन्द्रनगर वन प्रभाग |

प्रभागीय वनाधिकारी
नरेन्द्रनगर मुनिकीरेती